>

Title: Request to run the train No. 19611/12/13/14 from via Amritsar and Ahmedabad.

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा): आदरणीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे बोलने के लिए मौका दिया, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं। मैं रेल मंत्री जी का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं कि अहमदाबाद से अमृतसर के बीच कोई भी डायरेक्ट ट्रेन नहीं है। गुजरात में बनासकांठा, मेहसाणा और पाटन से यात्रा में जाने वाले जो यात्री हैं, उनको डायरेक्ट ट्रेन नहीं मिलती है। वहां के सभी लोगों ने और हमारे पदाधिकारियों ने पत्राचार के माध्यम से ट्रेन नम्बर 19611/19612 और 19613/ 19614 को अजमेर से अमृतसर वाया अहमदाबाद चलाने के लिए आग्रह किया है, लेकिन आज तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अत: मेरा आपके मार्फत माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि ये ट्रेन्स अमृतसर वाया अहमदाबाद होते हुए चलाई जाए, जिससे लोगों को इसका लाभ मिल सके।